राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल ने श्री गोविन्ददेव जी मंदिर में पूजा-अर्चना की

जयपुर 02 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र गुरूवार को जयपुर के आराध्य श्री गोविन्ददेव जी मंदिर गये। मंदिर में दोनों ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल ने गुरूद्वारे में मत्था टेका

जयपुर 02 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरू गोविन्द सिंह के 353 वें प्रकाश उत्सव पर आयोजित राजापार्क गुरूद्वारे के कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरूद्वारे में मत्था टेका और प्रदेश की समृद्धि की कामना की। राज्यपाल श्री मिश्र गुरूद्वारे में बैठे और वहां शबद कीर्तन सुना। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह आदर्श पुरूष थे। उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह द्वारा दिया गया मानवता का संदेश हमारे समाज में समानता, समरसता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए आज भी प्रासंगिक है।

राज्यपाल की खिलाड़ियों को बधाई

जयपुर 02 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राज्य खेलों में भाग लेने प्रदेश के विभिन्न जिलों से जयपुर आये खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामना दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि मानव जीवन के लिए खेल आवश्यक हैं । खेलों से युवा पीढी में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। खेल शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण होते हैं।

राज्यपाल से पर्यटन मंत्री मिले

जयपुर 02 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को यहां राजभवन में पर्यटन मंत्री श्री विश्वेन्द्र सिंह ने मुलाकात की। पर्यटन मंत्री ने राज्यपाल श्री मिश्र को नव वर्ष की बधाई दी। राज्यपाल ने पर्यटन मंत्री श्री सिंह को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल से पर्यटन विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने भी मुलाकात की।

राज्यपाल की संवेदना

जयपुर 02 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने समाचार जगत के संपादक श्री तरूण रावल की माता श्रीमती ज्योति रावल के आकस्मिक निधन पर संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल